







नवभारत
इंदौर, मंगलवार, 19 अगस्त, 2025




## एक नजर में

### बही पार्श्वनाथ से श्री सांवलिया सेठ मंडफिया तक पैदल यात्रा का होगा आयोजन



**मन्दसौर।** श्री श्री मां शक्ति सेवा संस्थान बही पार्शवनाथ से श्री सांवलीया सेठ मंण्डपिया तक पैदल यात्रा के आयोजन को लेकर जन्माष्टमी के पावन अवसर पर गुराडिया देदा के समीपस्य एक निजी भवन मे बैठक संस्थापक संत गोपाल कृष्ण शास्त्री की उपस्थिती मे सम्पन्न हुई। बैठक मे यात्रा आयोजित सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों की चर्चा की गई और विगत वर्ष यात्रा के सहयोगी समिति सदस्यों का संतश्री तिवारी द्वारा प्रशस्ती पत्र देकर सम्मान किया गया। जिसमे सर्व समति से श्री सांवलिया सेठ यात्रा के अध्यक्ष मुकेश लोहर बुढ़ा को चुना गया। यात्रा संरक्षण के पद पर महेश दुबे, दिनेश सोलंकी, सचिव कमल परिहार, सह सचिव राधिका तिवारी, कोषाध्यक्ष महेश पाटीदार, उपाध्यक्ष राधेश्याम गोराना, मीडिया प्रभारी राकेश सेन को मनोनित किया गया। यात्रा संघ के संयोजक श्री तिवारी ने बताा की सांवलिया सेठ पैदल यात्रा विगत पांच वर्षो से सघं द्वारा प्रतिवर्ष निकाली जा रही है। हर वर्ष पेदल यात्रा में भक्तौ की संख्या बढ़ती जा रही है, इस वर्ष भी लगभग 1 जनवरी को यात्रा शुरू की जाएगी। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारी, सदस्य व धर्मप्रेमी गण मौजूद थे।

### जन्माष्टमी पर अग्रसेन नगर में दही हांडी मटकी फोड प्रतियोगिता आयोजित



**मंदसौर।** अग्रसेन नगर युवा मित्र मंडल द्वारा इस वर्ष भी जन्माष्टमी पर दही हांडी मटकी फोड का आयोजन किया जाकर डेढ क्विंटल खीर की प्रसादी वितरीत की गई। मटकी फोड प्रतियोगिता में बच्चों से लेकर वृद्धों तक ने हिस्सा लिया और पुरस्कार प्राप्त किये। 28 फीट उपर टंगी दही हांडी मटकी को खिलचीपुरा की भगवा राज टीम ने फोडा तथा पुरस्कार राशि जो कि 8600 रूपये थी, मंदिर में दान कर अनूठी मिसाल पेश की।

यह जानकारी देते हुए पत्रकार धर्मेन्द्रसिंह रानेरा ने बताया कि इस वर्ष भी पंकज भावसार के नेतृत्व में जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया जाकर दही हांडी मटकी फोड प्रतियोगिता आयोजित की गई। पहले चरण में छोटे-छोटे बच्चों द्वारा आंखों पर पटटी बांधी जाकर मटकी फोडने का प्रयास किया गया। दूसरे चरण में माताओं-बहनों द्वारा मटकी फोडी गई। तीसरे चरण में 28 फीट उपर टंगी दही हांडी मटकी फोड का आयोजन किया गया जिसकी ईनाम राशि 8600 रूपये थे। दही हांडी फोड प्रतियोगिता में तीन टीमों ने भाग लिया जिसमें खिलचीपुरा की भगवा राज टीम विजेता रही। खास बात यह रही कि भगवा राज टीम ने ईनामी राशि मंदिर में दान कर अनूठी मिसाल पेश की जिसकी सर्वत्र प्रशंसा की जा रही है।

## गरोठ पंचशील विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस और जन्माष्टमी पर्व हर्षोल्लास से मनाया

**गरोठ। नगर गरोठ स्थित पंचशील विद्यालय में 79वां स्वतंत्रता दिवस एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े ही उत्साह और भव्यता के साथ मनाया गया। यह विशेष अवसर विद्यार्थियों के मन में देशभक्ति, राष्ट्रीयता और सांस्कृतिक गौरव की भावना को प्रबल करने वाला रहा।**



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. संजय पंजाबी एवं संचालक गण - मनोहर पाटीदार, रमेश पाटीदार, एम.एल. कुशवाहा, मुकेश धनोतिया, हेमंत पाटीदार, शारदा पाटीदार तथा प्राचार्या उषा पाटीदार उपस्थित रहे। अतिथियों व प्राचार्या महोदया ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ध्वजारोहण के साथ ही पूरा परिसर भारत माता की जय और वंदे मातरम्‌ के नारों से गूंज उठा। प्राचार्या उषा पाटीदार ने स्वागत भाषण देते हुए स्वतंत्रता दिवस का महत्व बताया और वीर सेनानियों के बलिदान को याद किया। मुख्य अतिथि डॉ. पंजाबी ने विद्यार्थियों को मातृभूमि के प्रति कर्तव्य निभाने व श्रीकृष्ण के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। संचालक हेमंत पाटीदार ने तिरंगे के महत्व और स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आजादी हमें महात्मा गांधी, भगतसिंह और नेताजी सुभाष चंद्र बोस जैसे महापुरुषों के संघर्ष से मिली है। तिरंगा हमारी ताकत, शांति और विकास का प्रतीक है।

### अखिल भारतीय धाकड़ महासभा के प्रदेश मीडिया प्रभारी पद पर ललित शंकर धाकड़ को किया नियुक्त

**मंदसौर।** अखिल भारतीय धाकड़ महासभा भारतवर्ष के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय नन्देडा व प्रदेश अध्यक्ष रजनीश नागर एवम् शीर्ष नेतृत्व के सहमति से मंदसौर जिले के गांव नाहरगढ़ निवासी युवा पत्रकार ललित शंकर धाकड़ को प्रदेश मीडिया प्रभारी के पद पर किया नियुक्त। मीडिया प्रभारी पद पर नियुक्त करने के बाद से ही धाकड़ को सोशल मीडिया सहित अन्य माध्यमों से बधाई दी जा रहीं हैं। वही मिडिया प्रभारी पद पर नियुक्त करने पर युवा पत्रकार ललित शंकर ने शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट कर ईमानदार से पद का निर्वाह करने की बात कही।





### हाथी-घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की से गूंजा जैन दिवाकर स्वाध्याय भवन

**पिपलियामण्डी। श्री जैन दिवाकर स्वाध्याय भवन में शनिवार को जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। पूज्या महासाध्वी रमणीककुंवर रंजन आदि ठाणा-4 के मंगल सानिध्य में आयोजित इस अवसर पर भावी तीर्थंकर वासुदेव श्रीकृष्ण के जीवन पर आधारित प्रवचन हुआ।** मसा ने अपने उद्बोधन में कहा कि भगवान कृष्ण का जीवन बहुआयामी रहा। उनका जन्म कारागार में हुआ, किंतु ताले स्वयं खुल गए। वासुदेव उन्हें यमुना नदी पार कर मथुरा ले गए, जहां उनके पांव का स्पर्श पाकर यमुना ने मार्ग दे दिया। जैन आगम में वासुदेव श्रीकृष्ण का भी उल्लेख है और वे आगामी चौबीसी में तीर्थंकर बनेंगे। उन्होंने आगे कहा कि कृष्ण सम्यक्त्वी आत्मा थे। गीता में उन्होंने जीव-अजीव की भिन्नता, आत्मा की अमरता और कर्मफल से विरक्ति का उपदेश दिया। जैन शास्त्र अंतकृतदशांग सूत्र के अनुसार द्वारका विनाश के समय कृष्ण ने दीक्षा की महिमा का प्रचार किया।

## शिव संगम भवन पर धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस व जन्माष्टमी महोत्सव

**पिपलियामण्डी। शहर के शिव संगम भवन स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र पर स्वतंत्रता दिवस एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया।**

15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा झंडा फहराकर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके बाद शनिवार को जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन हुआ, कार्यक्रम में नन्हें-मुन्ने बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं पर आधारित भक्ति गीतों—श्रीकृष्ण गोविंद हरे मुरारी, मोरे बंसी बजैया नंदलाला कन्हैया और राधा रानी लागे आदि धुनों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां दीं। हैप्पी और परी की प्रस्तुति ने सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस मौके पर सेवा केंद्र प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी लता बहन ने भारतीय परंपरा के अनुसार आए हुए अतिथियों का चंदन तिलक, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया। मक्खन, फल व पंजीरी का प्रसाद वितरण किया।

**एक नजर** — श्री केशव सत्संग भवन खानपुरा में मनाया जन्माष्टमी और नंद महोत्सव

### अधर्म का विनाश करने की घोषणा को प्रत्येक युग में सिद्ध करते हैं भगवान : स्वामी नारायणनंदगिरी

**मंदसौर। श्री केशव सत्संग भवन खानपुरा में चातुर्मास कर रहे पूज्य स्वामी नारायणानंद गिरी वृन्दावन के सानिध्य में जन्माष्टमी और नन्द महोत्सव मनाया गया। स्वामीजी ने गीता में भगवान कृष्ण ने महाभारत युद्ध में अर्जुन को यह घोषणा की थी कि**



यदा यदा ही धर्मस्य ग्लानीर्भवती भारत . . . (गीता अध्याय 4)

जब जब भी धर्म की हानि और अधर्म की वृद्धि होने लगती है तब तब में धर्म की रक्षा और अधर्म का विनाश करने पृथ्वी पर मनुष्य रूप में अवतार लेता हूं और यह घोषणा भगवान ने अपने अन्य अवतारों में नहीं करते हुए केवल कृष्ण अवतार में की है।

कृष्ण जन्माष्टमी पर यह बात स्वामी नारायणनंदगिरी ने श्री कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर शुक्रवार को सत्संग भवन में प्रवचन के दौरान कही। भगवान बालकृष्ण गोपाल की सुंदर झांकी बनाई गई। बालकृष्ण गोपाल के विग्रह को झूले में विराजित किया गया। मध्य रात्रि 12 बजे आरती की जाकर पंजेरी प्रसाद वितरित की गई।

दूसरे दिवस 17 अगस्त को बड़े धूमधाम से प्रात:काल नंदोत्सव मनाया गया। फल टॉफी आदि का प्रसाद श्रोताओं में लूटाया गया। ट्रस्टी बंशीलाल टांक ने जन्म बधाई गीत "अनोखो जायो ललना" और हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैयालाल की" धुन प्रस्तुत की।

नन्हें स्वरूप आश्वी चौधरी की सजीव झांकी प्रदर्शित की गई। बड़ी संख्या में ट्रस्टीगण और अन्य श्रद्धालुओं ने महोत्सव में भाग लिया। संचालन जगदीशचन्द्र सेठीया ने किया व आभार मदनलाल गेहलोद ने माना।

### मुख्यमंत्री के मंदसौर हेलीपैड आगमन पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने किया स्वागत

**मंदसौर। मंदसौर की धरती आज एक बार फिर गौरव से भर उठी, जब प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का हेलिपैड पर आगमन हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का पुष्पगुच्छ भेंट कर हार्दिक स्वागत किया गया।** स्वागत करने वालों में विशेष रूप से लोकसभा सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार, गरोठ विधायक चंदर सिंह सिसोदिया, राजेश दीक्षित, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती मनुप्रिया विनीत यादव, पूर्व विधायक देवी लाल धाकड़, विजय अटवाल, नानालाल अटोलिया, मदन लाल राठौर, मुकेश काला शामिल हुए। प्रशासनिक अधिकारियों में कलेक्टर अदिति गर्ग, पुलिस अधीक्षक अभिषेक आनंद, सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन, एएसपी बघैल, एसडीएम शिवलाल शाक्य एवं अन्य अधिकारी भी स्वागत में शामिल हुए। पत्रकार बंधुओं और स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति ने इस अवसर को और अधिक भव्य एवं गरिमामय बना दिया।

## नीमच

## एक नजर में

### तरुण बाहेती के जिला अध्यक्ष बनने पर आतिशबाजी की



**जावद।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के द्वारा जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद पर तरुण बाहेती को नियुक्त किए जाने को लेकर स्थानीय बस स्टैंड पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाय इस दौरान समन्दर पटेल मित्र मंडल ने एकत्रित होकर आतिशबाजी की। उन्होंने मिठाइयां बांटकर अपनी खुशी जाहिर की। कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह संगठन के लिए नए और ऊर्जावान दौर की शुरुआत है। आतिशबाजी के अवसर पर निर्भयराम धाकड़, प्रहलाद बग्गड़ पार्षद पतिनिधि, महेश धाकड़, आय टी सेल इब्राहिम बोहरा,नितीन राठोर, मनोहर ,सबीर भाई पहलवान,जयन्द्र प्रताप सिंह चुण्डावत, कैलाश गुप्ता,मधु पांडे ,पूर्व पार्षद लाभचन्द सावलिया, योगेश कारपेंटर,दशरथ मन्दारिया,कोमल बग्गड़,मुरताहजा बोहरा,सुनील धाकड़, नीलेश बैरागी,नवीन कारपेंटर, मुकेश तेली, अशरफ मुल्तानी, मानवेन्द्र सिंह चुण्डावत, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### नवीन कार्यकारिणी गठित

**जावद।** नगर के हृदय स्थल पर स्थित अखिल कोटि ब्रह्मांड नायक भगवान श्री लक्ष्मीनाथजी के सेवार्थ श्री लक्ष्मीनाथ मंदिर न्यास की बैठक 15 अगस्त 2025 को आहूत की गई जिसमें उपस्तिथ सभी सदस्यों द्वारा सर्वानुमति से नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष पद पर सत्यनारायण ओझा (दादा), उपाध्यक्ष दिलीप बांगड़, सचिव विजय मुछाल, कोषाध्यक्ष राजीव ओझा, सह कोषाध्यक्ष दिनेश राठी का मनोनयन किया गया। इस अवसर पर श्री लक्ष्मीनाथ मंदिर ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्य सुधीर कुमार अग्रवाल, श्रीलाल बोहरा एडवोकेट, द्वारकाधीश काबरा, जयप्रकाश भूतड़ा, गोपालकृष्ण शर्मा (विशाल) उपस्तिथ थे। बैठक समापन पश्चात भगवान श्री लक्ष्मीनाथजी की आरती की गई एवं प्रसाद वितरण किया गया।

### चार लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**नीमच।** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नीमच श्री संजीव साहू द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र भाग 6(4) के तहत एक पीड़ित परिवार को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई हैं। एसडीएम नीमच द्वारा चड़ौली निवासी विहर्ष उर्फ हर्ष पिता अर्जुन की 18 मई 2025 को पानी में डूबने से मृत्यु होने पर मृतक के वारिश अर्जुन पिता रामसिंह को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई हैं। तहसीलदार नीमच द्वारा पीड़ित परिवार का आर्थिक सहायता का प्रकरण तैयार कर, एसडीएम नीमच को प्रस्तुत किया गया था।

### यदुवंशी नारायणी सेना जिला कार्यकारिणी का विस्तार, समाज को संगठन की नई ऊर्जा

**नीमच।** यदुवंशी नारायणी सेना के प्रदेश संस्थापक सुनील यादव, प्रदेश अध्यक्ष सज्जन सिंह यादव, प्रदेश प्रभारी गुरु दयाल यादव एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष मुकेश यादव के मार्गदर्शन एवं प्रदेश कार्यकारिणी के निर्देशानुसार नीमच जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। नवगठित जिला कार्यकारिणी में हरीश अहीर को जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई।

## बकाया राशि का भुगतान नहीं तो 22 से किचन बंद, अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे समूह संचालक

**नीमच।** महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने कलेक्टर कार्यालय में एकत्रित होकर मुख्यमंत्रीके नाम भोजन पकाने की लागत राशि लम्बे समय से विभाग द्वारा जारी नहीं करने से आर्थिक रूप से परेशान समूह संचालकों की महिलाओं ने डिप्टी कलेक्टर चंद्रसिंह धुर्वे को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि विभाग बजट का अभाव बताकर 4 माह से एमडीएम की लागत राशि जारी नहीं कर रहा है ।

यही हाल महिला बाल विकास विभाग का भी है यहाँ पर भी बजट का आवंटन नही मिला समुह सचालकों को न राशी समय पर मिल रही है ना खाद्यान्न है ऊपर से शिक्षकों एवं अधिकारियों को पढ़ाई से ज्यादा दबाव समूह संचालको पर प्रति दिवस मैनू अनुसार भोजन पर बना रहता है समूह संचालक भी मेनू अनुसार भोजन इस विषय परिस्थिति में भी दे रहा है अब राशी के अभाव मे समूह की महिलाएं कर्ज के बोज तले डुबती जा रही है



> तो इन गरीब कामकाजी महिलाओं को मजबूरन होकर महिला स्वयं सहायता संघ प्रदेश नेतृत्वके निर्देशानुसार 22 तारीख से चूल्हा बंद अनिश्चितकालीन हड़ताल करने के लिए विवश होना पड़ेगाजिसमेंमध्यान भोजन व्यवस्था प्रभावित होती हैउसकी समस्त जिम्मेदारीशासन प्रशासन की होगी ज्ञापन का वाचन समूह संगठन तहसील सचिव मधु कांता तिवारी द्वारा किया गया। उक्त जानकारी सोना भरत प्रजापत अठाना महिला स्वयं सहायता समूह संगठन प्रदेश प्रवक्ता द्वारा दी गई।

उक्त महिलाओं द्वाराअपनी पीड़ा जिला पंचायत सीईओ को सुनाई गई तो आपके द्वारा यह जवाब मिला कि राशि शासन ही जारी नहीं कर रहा है तो हम क्या कर सकते हैं ऐसे में समूह की महिलाएं मे निराशा छा गई और कहने लगी की अब अपनी पीड़ा किसको सुनाएं कोई सुनने वाला नहीं है हम गरीब महिलाएं आर्थिक रूप से बहुत परेशान है किराना एवं मसाला सामग्री क्रय करने में बहुत परेशानी आ रही है अगर 20 तारीख तक मध्यान भोजन एवं आंगनबाड़ी की बकाया राशि जमा नहीं होती हैऔर जून माह का रसोइया का मानदेय 15 दिवस का जारी नही होता है।

### राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत बीआरसी के लिए प्रस्ताव आंमत्रित

**नीमच। नीमच जिले को राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन योजनांतर्गत 10 क्लस्टर को लक्ष्य प्राप्त है। इन क्लस्टरों में 7 बायो इनपुट रिसोर्स सेंटर (बी.आर.सी.) की स्थापना किया जाना है। इस हेतु योजनातगंत राशि एक लाख रूपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी जो पचास-पचास हजार रुपये की दो किश्तों में प्रदान की जाएगी।**

बी.आर.सी. प्राकृतिक खेती हेतु आवश्यक जैव आदान तैयार कर किसानों को आपूर्ति करेगा एवं ऐसे किसान जो स्वयं के दवारा जैव आदान तैयार नहीं कर सकते, उन्हें उचित मूल्य पर विक्रय कर उद्यम के रूप में विकसित किया जाएगा।

बी.आर.सी. की स्थापना एवं संचालन हेतु इच्छुक एन.जी.ओं, एफ.पी.ओ, पजीकृत गौशाला अन्य पंजीकृत संस्थाएं कार्यालय परियोजना संचालक आत्मा जिला नीमच में सम्पर्क कर आवेदन प्रारूप एवं विस्तृत दिशा-निर्देश प्राप्त कर 29 अगस्त 2025 तक प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकतें है ।




### मांगों को लेकर पनपा आक्रोश, सैकड़ों ग्रामीण और सर्व समाज हुआ एकत्रित

**मनासा। जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत सेमली ईस्तमुरार के सैकड़ों ग्रामीण और सर्व समाज के लोग सोमवार को मनासा नगर के मंदसौर नाके पर एकत्रित हुए, जहां से ये सभी हाथों में पोस्टर-बैनर लेकर एक विशाल रैली के माध्यम से नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय के बाहर पहुंचे, और यहां ग्रामीणों ने अपनी मांगो को लेकर अनिर्शिचतकालीन धरना प्रदर्शन की शुरू कर दिया।**

जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत सेमली ईस्तमुरार ग्रामीणों और यहां मौजूद सर्व समाज द्वारा लंबे समय से मोर की मृत्यु पर विस्तृत जांच, दशकों पुराने वृक्षों को काटने, तोड़े गए मंदिर/पथवारी के शिलालेख वापस कर पुन: निर्माण करने और मंदिर एवं पथवारी की जमीन एवं रास्ते की मांग करते हुए दोषियों पर भी उचित कार्यवाही की मांग कर रहे है। लगातार ज्ञापन और आवेदन के माध्यम से शिकायत और मांग करने के बावजूद जब सुनवाई नहीं हुई, तो सैकड़ों ग्रामीणों और सर्व समाज में आक्रोश पनपा और ये सभी सोमवार को एकत्रित होकर नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय के बाहर पहुंचे। जहां इनके द्वारा सभी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन शुरू किया गया है।

**एक नजर** — जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी को हमें साथ मिलकर निभाना है- तरूण बाहेती

### शहर ब्लॉक कांग्रेस ने नवागत कांग्रेस जिलाध्यक्ष का किया स्वागत

नवभारत न्यूज

**नीमच। कांग्रेस संगठन ने मुझे जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी कांग्रेस कार्यकर्ताओं के सुझाव पर ही संगठन ने दी है। अब जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली है, तो हमें साथ मिलकर इसे निभाना है और कांग्रेस संगठन को पूरे जिले में मजबूत बनाना है। यह एक बड़ी जिम्मेदारी है।**



यह विचार नवागत नीमच कांग्रेस जिलाध्यक्ष तरूण बाहेती ने व्यक्त किए। वे सोमवार 18 अगस्त को शहर ब्लॉक कांग्रेस नीमच द्वारा कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ कांग्रेस योजना के आशीर्वाद से युवा लोगों को पार्टी से जोड़ना प्रमुख लक्ष्य है। मेरा उद्देश्य सभी को साथ लेकर चलना है। उन्हें सम्मान पूर्वक पार्टी में सक्रिय करना है। हमें जिले के प्रत्येक बूथ पर ऐसे वरिष्ठ पार्टी कार्यकर्ताओं से संपर्क साधना होगा। निवृतमान जिलाध्यक्ष अनिल चौरसिया ने कहा कि तीन साल के कार्यकाल में कांग्रेस को मजबूत करने से लेकर कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन को विकसित करने के लिए कुछ सपने मैंने देखे थे, उम्मीद करता हूं कि मेरे सपनों को मेरे उतराधिकारी के रूप में युवा नेता तरूण बाहेती करेंगे और कांग्रेस संगठन को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम संचालन वरिष्ठ कांग्रेसी भगत वर्मा व रणजीतसिंह तंवर(बवरी) ने संयुक्त रूप से किया, जबकि आभार शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र मोनू लोक्स ने व्यक्त किया।

कार्यक्रम में पूर्व नपाध्यक्ष अरविंद चौपड़ा, नारायणदास बाहेती, ओम दीवान, पृथ्वीसिंह वर्मा,जिलाध्यक्ष सेवादल गजेंद्र यादव,सुरेश पटेल, उमरावसिंह राठौर, नेता प्रतिपक्ष योगेश प्रजापति, संजीव पगारिया, जीरन ब्लॉक अध्यक्ष विनोद दक, अध्यक्ष बलवंत पाटीदार आदि थे।



### आराधना भवन के सड़क निर्माण का किया अवलोकन

**नीमच। नगर पालिका परिषद के वार्ड क्रमांक 8 के अंतर्गत आराधना भवन से मुख्य सड़क तक सीसी रोड निर्माण का आज पार्षद श्रीमती सुमित्रा मुकेश पोरवाल,हरगोविंद दीवान वार्ड क्रमांक 9, दुर्गा शंकर भील वार्ड क्रमांक 8,युवा नेता गौरव पोरवाल ने आज सीसी रोड सड़क निर्माण का निरीक्षण किया।** पार्षददय ने कहा कि गुणवंता में किसी प्रकार का समझौता न करें । आम जनता को अच्छी सड़क निर्माण कर एक सौगात के रूप में सौंपे । नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा के मार्गदर्शन में शहर में चारों तरफ विकास हो रहा है श्रीमती पोरवाल ने बताया कि लंबे समय से क्षेत्र की जनता सड़क निर्माण की मांग कर रही थी उस पर तत्काल नगर पालिका अध्यक्ष को पत्र लिखकर सड़क निर्माण करने के लिए दिया गया ।जिस पर संज्ञान में लेते हुए संबंधित अधिकारी को प्रकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।